# राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी

# अक्टूबर, 2025

संजीव Telegram, App एवं वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें
राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )
साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप
Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।
visit us at : www.sanjivprakashan.com

# राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी अक्टूबर, 2025
# (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 1 October, 2025

- **भारत को संयुक्त राष्ट्र वैश्विक भू-स्थानिक सूचना प्रबंधन का सह-अध्यक्ष चुना गया–**

भारत को एशिया और प्रशांत क्षेत्र संयुक्त राष्ट्र वैश्विक भू-स्थानिक सूचना प्रबंधन की क्षेत्रीय समिति का सह-अध्यक्ष चुना गया है। इस प्रतिष्ठित पद के लिए देश के महासर्वेक्षक हितेश कुमार एस. मकवाना (आईएएस) को चुना गया है। इनका कार्यकाल तीन वर्ष (2025-28) है।

- **भारत-भूटान के मध्य पहले रेल सम्पर्क प्रोजेक्ट को मंजूरी–**

29 सितम्बर, 2025 को भूटान की विदेश सचिव ओम पेमा चोडेन की भारत यात्रा के दौरान एक अंतर-सरकारी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इसके तहत दोनों देशों के मध्य पहली बार रेल सर्विस शुरू की जाएगी।

**प्रस्तावित रेलवे लाइनें–**कोकरझार (असम) से गेलेफू (भूटान) तक (69 किमी.)

बनरहाट (पश्चिम बंगाल) से समत्से (भूटान) तक (20 किमी.)

इन दोनों परियोजनाओं पर ₹ 4,033 करोड़ का खर्च आएगा, जिसका पूरा निवेश भारत द्वारा किया जाएगा। कोकरझार-गेलेफू रेल लाइन के लिए ₹ 3456 करोड़ और बनरहाट-समत्से (भूटान) रेल लाइन बनाने पर ₹ 577 करोड़ व्यय किए जाएँगे।

रेलवे लिंक के लिए-बलाजन, गरुभाषा, रुनिखाता, शांतिपुर, डाडगिरी और गेलफू में छह स्टेशन बनेंगे।

- **मिथुन मन्हास BCCI के 37वें अध्यक्ष बनें–**

हाल ही में पूर्व दिल्ली और जम्मू-कश्मीर क्रिकेटर मिथुन मन्हास को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) का 37वाँ अध्यक्ष चुना गया है। उन्हें इस पद पर निर्विरोध चुना गया। यह फैसला 28 सितम्बर, 2025 को मुंबई में आयोजित बोर्ड की 94वीं वार्षिक आम बैठक (AGM) के दौरान लिया गया। उन्होंने इस पद पर रोजर बिन्नी का स्थान लिया है।

## Newspaper of 2 October, 2025

- **केन्द्रीय कैबिनेट ने महत्त्वपूर्ण फैसले लिए–**

देश में 57 नए केन्द्रीय स्कूल खोलने का निर्णय

देश को दालों के मामले में आत्मनिर्भर बनाने के लिए ₹ 11,440 करोड़ की योजना का ऐलान।

रबी की फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) बढ़ाया।

1 अक्टूबर, 2025 को केन्द्रीय कैबिनेट ने महत्त्वपूर्ण फैसले लिए जिनमें निम्न रहे–

**57 नए केन्द्रीय स्कूल खुलेंगे–**कैबिनेट ने देश में 57 नए केन्द्रीय स्कूल खोलने का निर्णय लिया। इस पर 5862.55 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इन 57 विद्यालयों में से 20 ऐसे जिलों में खोले जाने का प्रस्ताव हैं, जहाँ केन्द्रीय कर्मियों की अच्छी संख्या के बावजूद केन्द्रीय विद्यालय नहीं है। इसके अलावा आकांक्षी जिलों में 14 केवी, वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों में 4 तथा पूर्वोत्तर या पहाड़ी क्षेत्रों में 5 केवी प्रस्तावित हैं। इससे 87 हजार बच्चों को लाभ होगा।

**दालों में बनेंगे आत्मनिर्भर–**कैबिनेट में देश को दालों के मामले में आत्मनिर्भर बनाने के लिए 11440 करोड़ के रूपए की योजना का ऐलान किया है। इसे 6 साल से पूरी तरह लागू किया जाएगा। इस दौरान दलहन उत्पादन 350 लाख टन पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। पीएम आशा गारंटी योजना के तहत एमएसपी दालों की सरकारी खरीद के लिए सीमा को भी 45000 करोड़ से 60000 करोड़ रुपए करने का फैसला किया है। किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर तुअर, उड़द व मसूर की 100% खरीद होगी।

**रबी फसलों की एमएसपी में बढ़ोतरी–**सरकार ने रबी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ा दिया है। गेहूं की एमएसपी में प्रति क्विंटल 160 रुपए की बढ़ोतरी की है। गेहूं का समर्थन मूल्य अब 2585 रुपए प्रति क्विंटल होगा। मसूर का न्यूनतम समर्थन मूल्य 300 रुपए बढ़कर 7000 रुपए, सरसों में 250 रुपए, चना में 225 रुपए, जौ में 170 रुपए की वृद्धि हुई है। सूरजमुखी की कीमत में 600 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ोतरी की है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- **भारत में पहली बार प्राइवेट सेक्टर में बनेगा हेलीकॉप्टर–**

भारत में पहली बार किसी निजी कंपनी द्वारा हेलीकॉप्टर की फाइनल असेंबली लाइन (एफएएल) तैयार की जा रही है। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड कर्नाटक के वेमागल में एयरबस एच125 हेलिकॉप्टर का निर्माण करेगा। 'मेड इन इंडिया' ''एच125 हेलिकॉप्टर सिविल के साथ-साथ भारतीय सेना की हल्के मल्टी-रोल हेलिकॉप्टर की जरूरतों को भी पूरा करेगा, खासकर हिमालयी सीमाओं पर। इस प्रोजेक्ट के तहत एच125 का मिलिट्री वर्जन एच125एम भी भारत में ही तैयार किया जाएगा। इसमें ज्यादा स्वदेशी तकनीक और पुर्जे होंगे। पहला हेलिकॉप्टर 2027 की शुरुआत में डिलीवर किया जाएगा।

- **हाल ही में केन्द्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से 'माई भारत' मोबाइल ऐप लॉन्च किया। यह ऐप डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन की ओर से विकसित किया गया है और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के माई भारत प्लेटफॉर्म का हिस्सा है। इस ऐप के जरिए देशभर के युवा वॉलंटियरिंग, इंटर्नशिप, मेंटरशिप और स्किल डेवलपमेंट जैसी विभिन्न गतिविधियों से जुड़ सकेंगे। युवाओं को डिजिटल बैज, सर्टिफिकेट और व्यक्तिगत प्रोफाइल के जरिए पहचान और सम्मान भी मिलेगा।**

- **भारत-ईएफटीए व्यापार समझौता लागू–**

1 अक्टूबर 2025 से भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (EFTA) के बीच व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौता (TEPA) लागू हो गया है। यह समझौता चार विकसित यूरोपीय देशों-आइसलैण्ड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैण्ड के साथ भारत का पहला मुक्त व्यापार समझौता (FTA) है। इस समझौते पर 10 मार्च, 2024 को नई दिल्ली में हस्ताक्षर किए गए थे।

## Newspaper of 3 October, 2025

- **मिशन में 13000 करोड़ का व्यय, इसरो ने खर्च किए 1000 करोड़; भूकंप-भूस्खलन की मिलेगी सटीक चेतावनी–**

जिस तरह बरसात की सटीक जानकारी लोगों को मिल रही है, उसी तरह आने वाले समय में भूकंप आने और भूस्खलन होने से पहले सटीक जानकारी मिल सकेगी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के संयुक्त मिशन निसार से संभव होने जा रहा है। इसरो के वैज्ञानिकों ने बताया कि करीब 750 किमी की यात्रा पूरी करने के बाद अपनी कक्षा में स्थापित हो चुका है। जल्द ही यह काम करना शुरू कर देगा। इसरो के वैज्ञानिकों का दावा है कि भूकम्प, भूस्खलन और ज्वालामुखी विस्फोट की जानकारी पहले से मिल सकेगी। माना जा रहा है कि इन सभी के बारे में दो घंटे से लेकर 24 घंटे तक जानकारी मिल सकेगी।

- **हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2025–**

1 अक्टूबर, 2025 को एम3एम हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2025 का 14वां संस्करण जारी किया गया। यह M3M हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2025 भारत के सबसे धनी व्यक्तियों की वार्षिक सूची है, यह रिपोर्ट देश की बढ़ती संपत्ति और उद्यमशीलता की सफलता को दर्शाती है, जिसमें ₹ 1000 करोड़ या उससे अधिक की संपत्ति वाले व्यक्तियों को शामिल किया गया है। इस सूची में शीर्ष स्थान मुकेश अंबानी परिवार को मिला है।

- **आईएसएसए जूनियर शूटिंग वर्ल्ड कप 2025: भारत का पदक तालिका में शीर्ष स्थान–**

आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप 2025 का दूसरा और अंतिम चरण 24 सितम्बर-2 अक्टूबर, 2025 तक नई दिल्ली स्थित डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित किया गया।

मेजबान भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया भारत को कुल 26 पदक (8 स्वर्ण, 10 रजत और 8 कांस्य) मिले।

## Newspaper of 4 October, 2025

- **भारत को 'सामाजिक सुरक्षा में उत्कृष्ट उपलब्धि' के लिए अन्तरराष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संघ (ISSA) पुरस्कार 2025 मिला–**

3 अक्टूबर, 2025 को मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में भारत को सामाजिक सुरक्षा में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए अन्तरराष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संघ (ISSA) पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया है। आयोजित विश्व सामाजिक सुरक्षा मंच (WSSF) 2025 में प्रदान किया गया। यह ISSA का सर्वोच्च पुरस्कार है, जो हर तीन साल में (Triennial) प्रदान किया जाता है। भारत यह पुरस्कार प्राप्त करने वाला पाँचवाँ देश बन गया है।

## Newspaper of 5 October, 2025

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विज्ञान भवन में कौशल दीक्षान्त समारोह के दौरान 62000 करोड़ रुपए से अधिक की योजनाओं का शुभारंभ किया–**

4 अक्टूबर, 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विज्ञान भवन में कौशल दीक्षांत समारोह के दौरान 62,000 करोड़ रुपए से अधिक की युवा केंद्रित योजनाओं का शुभारम्भ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत ज्ञान और कौशल का देश है, यह बौद्धिक शक्ति हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। प्रधानमंत्री ने 60000 करोड़ रुपए की पीएम सेतु योजना के तहत आइटीआइ को इंडस्ट्री के साथ जोड़ने और नवोदय विद्यालयों व एकलव्य मॉडल स्कूलों में 1200 कौशल प्रयोगशालाओं का उद्घाटन कर योजनाओं की शुरुआत की। वर्तमान में आइटीआइ लगभग 170 ट्रेडों में प्रशिक्षण प्रदान करते हैं।

- **शुभमन गिल बने वनडे क्रिकेट टीम के नए कप्तान बने–**

युवा बल्लेबाज शुभमन गिल भारतीय वनडे क्रिकेट टीम के नए कप्तान बन गए हैं। उन्होंने रोहित शर्मा की जगह ली है।

- **अमेरिकी कंपनी 'इनवर्जन' ने दुनिया का ऐसा पहला 'अंतरिक्ष यान' तैयार किया जो 1 घंटे में धरती पर कहीं भी सामान पहुँचाने में सक्षम होगा–**

अमेरिका की एयरोस्पेस और डिफेंस कंपनी 'इनवर्जन' ने दुनिया का पहला ऐसा 'अंतरिक्ष यान' तैयार किया है, जो पृथ्वी की ऑर्बिट से धरती के किसी भी हिस्से में एक घंटे से भी कम समय में 227 किलोग्राम वजनी जरूरी सामान पहुँचा सकता है। इस यान का नाम 'आर्क' है। कंपनी ने इसे अपने 'फैक्ट्री इवेंट' में लॉन्च किया। यह स्पेसक्राफ्ट मैक20 (गति मापने की इकाई) से भी ज्यादा की रफ्तार पकड़ सकता है। इसकी गति 24,700 किलोमीटर प्रति घंटे होगी।

**5 साल तक ऑर्बिट में रह सकता है–**कंपनी का मिशन है कि आर्क को पहले से ऑर्बिट (पृथ्वी की कक्षा) में रखा जाएगा और ये वहाँ 5 साल तक रहे। जब भी जरूरत हो, यह एक घंटे से भी कम समय में सामान लेकर धरती पर एक जगह से दूसरी जगह पर जरूरी सामान को एक जगह से दूसरी जगह तक पहुँचा सके।

- **'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' अभियान का शुभारम्भ–**

4 अक्टूबर, 2025 को केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने गांधीनगर, गुजरात में 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' अभियान का शुभारम्भ किया इसका मुख्य उद्देश्य बैंकों, बीमा कंपनियों, पेंशन फंड, शेयर और म्यूचुअल फंड कंपनियों के पास पड़े ₹ 1.84 लाख करोड़ (या ₹ 1,82,000 करोड़) से अधिक के बिना दावे वाले धन को उनके सही मालिकों तक पहुँचाना। जागरूकता की कमी या पुराने खाता विवरण के कारण दावा रहित रह गई संपत्तियों को पता लगाने में नागरिकों की मदद करना।

- **साने ताकाइची बनेंगी जापान की पहली प्रधानमंत्री–**

जापान में पूर्व आर्थिक सुरक्षा मंत्री साने ताकाइची को सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) का नया अध्यक्ष चुना गया है। पार्टी के इतिहास में इस पद पर पहुंचने वाली वह पहली महिला है। ताकाइची ने कृषि मंत्री शिंजिरो कोइजुमी को रनऑफ मुकाबले में हराया।

साने तकाइची (64) ने अपने करियर की शुरुआत 1980 में टीवी एंकर के रूप में की थीं। बाइक चलाने और ड्रम बजाने की शौकीन ताकाइची ने 1996 में सक्रिय राजनीति में प्रवेश किया। वह पहली बार एलडीपी के टिकट पर संसद के लिए चुनी गई।

## Newspaper of 6 October, 2025

- **ऊँटों की घटती आबादी बचाने के लिए राष्ट्रीय मिशन तैयार–**

भारत सरकार ने देश में घटते ऊँटों की आबादी को बचाने के लिए राष्ट्रीय ऊँट स्थिरता पहल शुरू करने की योजना बनाई है। पशुपालन एवं डेयरी विभाग की देखरेख में यह नया मिशन 1977 से ऊँटों पर चले आ रहे संकट को बचाने का है। खाद्य एवं कृषि संगठन की सलाह से तैयार ड्राफ्ट पॉलिसी पेपर 29 सितंबर को जारी किया गया, जिसमें जनता से सुझाव मांगे गए है।

**नई योजना में यह होगा–**राष्ट्रीय ऊँट स्थिरता पहल में कानूनी बाधाओं (जैसे राजस्थान ऊँट अधिनियम) का सुधार, अंतरराज्यीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए ई–मार्केट प्लेटफॉर्म और राष्ट्रीय जागरूकता अभियान शामिल है। स्कूल पाठ्यक्रमों में ऊँट संस्कृति को जोड़ना, ग्रामीण मेलों में प्रदर्शन और 22 जून को विश्व ऊंट दिवस मनाना प्रस्तावित है।

**90 प्रतिशत ऊंट राजस्थान व गुजरात में–**20वें पशुधन जनगणना के अनुसार, 2019 में ऊँटों की संख्या घटकर 2.52 लाख रह गई, जो 1977 के 11 लाख और 2013 के 4 लाख से 75% कम है। देश के 90% ऊँट राजस्थान और गुजरात राज्य में है।

- **6 नवम्बर, 2025 से पटना (बिहार) में भी मेट्रो का संचालन शुरू हुआ। पटना शहर में फिलहाल 4.3 किमी. क्षेत्र में मेट्रो संचालन शुरू किया गया है। उल्लेखनीय है कि देश में 23 शहरों में 1010 किमी. मेट्रो परिचालित है और पटना 24वाँ शहर बना है जहाँ मेट्रो सेवा शुरू की गई है।**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 7 October, 2025

■ **'भारतीय रेडियो सॉफ्टवेयर आर्किटेक्चर' (IRSA) मानक 1.0 जारी–**

6 अक्टूबर, 2025 को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने सैन्य संचार प्रणाली में आत्मनिर्भरता और मजबूती लाने के लिए 'भारतीय रेडियो सॉफ्टवेयर आर्किटेक्चर' (IRSA) मानक 1.0 जारी किया। यह भारत का पहला राष्ट्रीय मानक है जो सॉफ्टवेयर-परिभाषित रेडियो (SDR) के लिए एक मानकीकृत सॉफ्टवेयर आर्किटेक्चर को परिभाषित करता है।

यह एक संपूर्ण सॉफ्टवेयर विनिर्देश है जो SDR के लिए मानकीकृत इंटरफेस, API, एक्जीक्यूशन वातावरण और वेवफॉर्म पोर्टेबिलिटी तंत्र को परिभाषित करता है।

**इसका प्रमुख उद्देश्य–**

- भारतीय सशस्त्र बलों के बीच साझा संचार प्रणाली को सक्षम बनाना।
- वेवफॉर्म पोर्टेबिलिटी सुनिश्चित करना।
- SDR इंटरऑपरेबिलिटी (पारस्परिकता) और सर्टिफिकेशन को सरल बनाना।

## Newspaper of 8 October, 2025

■ **ऑस्ट्रेलिया में विशाल एंटीना लगाया; मंगल ग्रह से भी फोन आ सकेगा; ब्रह्मांड के कई हिस्सों की मैपिंग हो सकेगी–**

अंतरिक्ष की गहराइयों से आने वाले कमजोर सिग्नलों को पकड़ने और ग्रहों से संपर्क बनाए रखने के लिए यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) ने पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के न्यू नॉर्सिया में एक नया डीप स्पेस एंटीना स्थापित किया है। यह 40 मीटर ऊँचा और 700 टन का है। यह ईएसए का दुनिया में चौथा और न्यू नॉर्सिया पर दूसरा एंटीना है। यह इतना शक्तिशाली है कि मंगल ग्रह से फोन कॉल प्राप्त कर सकता है। यह एंटीना मंगल, बृहस्पति, सूर्य और क्षुद्रग्रहों की खोज से जुड़े मिशनों में मदद करेगा।

## Newspaper of 9 October, 2025

■ **हाल ही में केन्द्र सरकार ने अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को देश की पहली 'मानसिक स्वास्थ्य एंबेसडर' नियुक्त किया है। दीपिका पादुकोण देश में मेंटल हेल्थ के मुद्दों के बारे में जागरूकता फैलाने, इन विषयों पर आम चर्चा को बढ़ावा देने और इसे पब्लिक हेल्थ का एक अहम हिस्सा बनाने में मदद करेंगी।**

■ **हाल ही में अमेरिका की सीनेट ने सर्जिया गोर को भारत में अगला अमेरिकी राजदूत नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है, उन्हें सीनेट में हुई वोटिंग में 51 वोटों ने कंफर्म किया।**

■ **अक्टूबर, 2025 में मुंबई को अपना दूसरा अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डा मिला है। इसका नाम-नवी मुंबई अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट है। 1160 हेक्टेयर में फेले इस एयरपोर्ट के पहले चरण का कार्य पूरा हो चुका है। इसमें ₹ 20000 करोड़ में एक टर्मिनल और एक रनवे बना है। यहाँ सालाना 2 करोड़ लोग यात्रा कर सकेंगे। यह एयरपोर्ट 2 लाख नौकरियाँ देगा। यह देश का पहला पूर्णतः डिजिटल एयरपोर्ट है, जिसका टर्मिनल इमारत कमल के आकार का है। इस एयरपोर्ट पर 5 जी कनेक्टिविटी, डिजी यात्रा के जरिये सभी प्रक्रियाएँ कॉन्टेक्टलैस रखी गयी हैं। एआई से लैस स्वचालित बैगेज हैंडलिंग सिस्टम, प्री-बुकिंग सुविधा है। यह पूरा एयरपोर्ट 47 मेगावाट की सौर ऊर्जा से चलेगा।**

**इसका प्रमुख उद्देश्य–**मुंबई के मौजूदा छत्रपति शिवाजी महाराज अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (CSMIA) पर यातायात के भारी बोझ को कम करना और मुंबई महानगर क्षेत्र को ग्लोबल मल्टी-एयरपोर्ट सिस्टम की श्रेणी में लाना।

## Newspaper of 10 October, 2025

■ **भारत का स्वदेशी आर्टिफिशियल (AI) मॉडल फरवरी 2026 में होने वाले एआइ इम्पैक्ट समिट से पहले तैयार हो जाएगा। सरकार ने 38000 ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट तैनात किए हैं, जबकि शुरुआती लक्ष्य सिर्फ 10000 था। इस साल के अंत तक पहला भारतीय फाउंडेशन तैयार हो जाएगा। एआइ समिट 2026 तक भारत का स्वदेशी AI मॉडल लॉन्च कर दिया जाएगा।**

■ **ब्रिटेन के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा–**

8-9 अक्टूबर, 2025 तक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सर कीर सटार्मर ने भारत की पहली आधिकारिक यात्रा की। यह यात्रा ब्रिटेन के सबसे बड़े व्यापार प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई, जिसमे 125 से अधिक व्यापारिक नेताओं, उद्यमियों और शिक्षाविदों ने भाग लिया। यह प्रधानमंत्री स्टार्मर की भारत की पहली आधिकारिक यात्रा थी। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत-यूके व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (CETA) को लागू करना और 'विजन 2035' के अनुरूप व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करना है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

■ **भारत की मिस शेरी सिंह ने जीता पहला मिसेज यूनिवर्स 2025 का ताज–**

मिसेज यूनिवर्स प्रतियोगिता का 48वाँ संस्करण फिलीपींस की राजधानी मनीला में 1-9 अक्टूबर, 2005 को आयोजित किया गया। भारत की शेरी सिंह ने मिसेज यूनिवर्स 2025 का प्रतिष्ठित खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है। यह पहली बार है जब किसी भारतीय महिला ने यह वैश्विक खिताब अपने नाम किया है।

- **विजेता :** शेरी सिंह (मिसेज इंडिया)
- **प्रथम रनर-अप :** मिसेज सेंट पीटसबर्ग
- **द्वितीय रनर अप :** मिसेज फिलीपींस

## Newspaper of 11 October, 2025

■ **10 अक्टूबर, 2025 को भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष भारत से रूस के कलमीकिया गणराज्य पहुँचे। यह क्षेत्र रूस का एकमात्र बौद्ध बहुल इलाका है। प्रदर्शनी 11 से 18 अक्टूबर तक रही।**

■ **कक्षा-3 से होगी एआइ की पढ़ाई अप्रेल, 2026 से आ सकता है नया पाठ्यक्रम–**

केन्द्र सरकार अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) को कक्षा-3 से ही सिखाने की तैयारी कर रही है। अप्रैल, 2026 से देश के करीब 31000 स्कूलों में तीसरी क्लास और इससे आगे के बच्चों के लिए ऐसा करिकुलम शुरू हो सकता है, जिसमें वे घटाव, गुणा, भाग, पठन बोध, व्याकरण और वाक्य रचना सीखने के साथ लैंग्वेज मॉडल, चैटबॉट प्रॉम्प्ट सहित जनरेटिव एआइ भी सीखेंगे। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार शिक्षा मंत्रालय इस पहल को स्किल इंडिया इकोसिस्टम से जोड़कर देशभर में लागू करने की तैयारी कर रहा है। शिक्षकों के लिए एआइ टूल्स से पाठ योजनाएँ तैयार करने वाले पायलट प्रोजेक्ट पहले से चल रहा है।

अभी 18000 से अधिक सीबीएसई स्कूलों में कक्षा 6 से 15 घंटे का एआइ मॉड्यूल पढ़ाया जा रहा है, वहीं 9वीं-12वीं में यह एक वैकल्पिक विषय है। 2024-25 में करीब 8 लाख छात्रों ने एआइ विषय को चुना।

■ **चूना पत्थर को पूर्णतः प्रमुख खनिज के रूप में वर्गीकृत किया गया–**

10 अक्टूबर, 2025 को केन्द्रीय खान मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर चूना पत्थर को पूर्णत: प्रमुख खनिज के रूप में वर्गीकृत किया है। चूना पत्थर को उसके अंतिम उपयोग के आधार पर प्रमुख या गौण खनिज दोनों माना जाता है। यह चूना निर्माण के लिए भट्टियों में प्रयुक्त होने पर यह गौण खनिज है। अब इससे सीमेंट उद्योग के लिए चूना पत्थर की उपलब्धता बढ़ेगी, जिससे देश में बुनियादी ढाँचे के विकास को बढ़ावा मिलेगा। उल्लेखनीय है कि चूना पत्थर यह एक अवसादी चट्टान है, जो मुख्य रूप से कैल्शियम कार्बोनेट ($CaCO_3$) से बनी होती है।

## Newspaper of 12 October, 2025

■ **भारत तीसरा सबसे अधिक सौर ऊर्जा पैदा करने वाला देश बना; सौर ऊर्जा क्षमता 125 गीगावाट पहुँची–**

**रिन्युएबल पावर का हिस्सा 50 फीसदी से ज्यादा हुआ–**

रिन्युएबल एनर्जी में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और 125 गीगावाट स्थापित क्षमता के साथ दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश हो गया है। गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से देश की कुल स्थापित बिजली क्षमता 50 प्रतिशत को पहले ही पार कर चुकी है। भारत ने अगस्त, 2025 के अंत तक कुल 192 गीगावाट रिन्युएबल एनर्जी स्थापित क्षमता हासिल कर ली है। अनुमान है कि वर्ष 2030 तक भारत 500 गीगावाट ऊर्जा की क्षमता तक पहुँच जाएगा। ऊर्जा उत्पादन में भी देश लगातार आगे बढ़ रहा है।

अंतरराष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार, भारत ने 108 गीगावाट सौर ऊर्जा का प्रभावशाली उत्पादन किया, जबकि जापान 96 गीगावाट उत्पादन के साथ पीछे रह गया। गौरतलब है कि चीन 887 गीगावाट के साथ दुनिया में पहले और अमरीका 177 गीगावाट के साथ दुनिया में दूसरे स्थान पर है। इस साल अप्रैल से सितंबर के बीच 25 गीगावाट रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता जोड़ी है। इसमें 21.7 गीगावाट सोलर पॉवर और 3.09 विंड पॉवर की है।

**कुल रिन्यूएबल एनर्जी स्थापित क्षमता (मेगावाट में)**

| | |
|---|---|
| ◆ सोलर पावर | 1,23,130.13 |
| ◆ विंड पावर | 52,681.20 |
| ◆ बायोमास (बेगासे) | 9,821.32 |
| ◆ बायोमास (नोन-बेगासे) | 921.79 |
| ◆ वेस्ट टू एनर्जी | 309.34 |
| ◆ वेस्ट्र टू एनर्जी (ऑफ ग्रिड) | 545.11 |
| ◆ स्माल हाइड्रो पावर | 5108.71 |
| ◆ लार्ज हाइड्रो पावर | 50108.17 |
| ◆ न्यूक्लियर पावर | 8780.00 |
| **कुल गैर जीवाश्म** | **251405.77** |

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

### ■ प्रधानमंत्री मोदी ने 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' और 'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' का शुभारंभ किया–

11 अक्टूबर, 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (IARI) में 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' (PMDDKY) का शुभारंभ किया। इसके साथ ही, उन्होंने 'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' भी लॉन्च किया, जिसका कुल परिव्यय ₹ 35,440 करोड़ से अधिक है। इस योजना का लक्ष्य कृषि उत्पादकता बढ़ाना, सतत कृषि पद्धतियों को अपनाना और किसानों की आय में वृद्धि करना है।

**PMDDKY का मुख्य उद्देश्य–**100 सबसे कम प्रदर्शन करने वाले कृषि जिलों का व्यापक विकास करना। इन जिलों को 2030 तक राष्ट्रीय औसत उत्पादकता तक लाना।

**दलहन मिशन का लक्ष्य (2030-31 तक)–**दालों का कुल उत्पादन बढ़ाकर 350 लाख टन करना। देश की दलहन आयात पर निर्भरता को कम करना और आत्मनिर्भरता प्राप्त करना।

### ■ 70वें फिल्मफेयर अवॉर्ड्स 2025: 'लापता लेडीज' ने जीते सर्वाधिक 13 अवॉर्ड–

11 अक्टूबर, 2025 को 70वें हुंडई फिल्मफेयर अवॉर्ड्स 2025 का भव्य आयोजन गुजरात के अहमदाबाद में किया गया। इसमें सर्वाधिक अवार्ड किरण राव द्वारा निर्देशित फिल्म 'लापता लेडीज़' को मिले। इस फिल्म ने 13 अवॉर्ड जीते, जो 2020 में 'गली बॉय' द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड की बराबरी है।

#### मुख्य विजेता

**सर्वश्रेष्ठ फिल्म–**लापता लेडीज़।

**सर्वश्रेष्ठ निर्देशक–**किरण राव (लापता लेडीज़)

**सर्वश्रेष्ठ अभिनेता–**कार्तिक आर्यन ('चंदू चैंपियन' के लिए) और अभिषेक बच्चन ('मैं बात करना चाहता हूँ' के लिए)– संयुक्त विजेता।

**सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री :** आलिया भट्ट ('जिगरा' के लिए)।

**सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता :** रवि किशन (लापता लेडीज़)।

## Newspaper of 13 October, 2025

### ■ चीन ने तिब्बत के पठार पर 420 वर्ग किमी. में दुनिया का सबसे बड़ा 'क्लीन एनर्जी पार्क' तैयार किया–

हाल ही में चीन ने तिब्बत के पठार पर 10 हजार फीट की ऊँचाई पर 420 वर्ग किमी में फैला दुनिया का सबसे बड़ा 'क्लीन एनर्जी पार्क' तैयार किया है। यह भारत के भोपाल, जयपुर जैसे शहरों के बराबर है। तालातन सौलर पार्क चीन के पश्चिमी प्रांत छिंगहाई के गोंघे काउंटी में है। दुनिया के सबसे ऊँचे तिब्बती पठार पर तेज धूप सोलर पैनलों को ज्यादा बिजली बनाने में मदद करती है। यहाँ सोलर के साथ-साथ विंड टर्बाइन और हाइड्रोपावर डैम भी लगाए गए हैं, जिससे दिन-रात बिजली सप्लाई होती है। इन तीनों तकनीक से यहाँ सालभर में कुल 29 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है।

### ■ भारत और ब्रिटेन की नौसेनाओं का द्विपक्षीय अभ्यास 'कोंकण-2025' हुआ–

5-12 अक्टूबर, 2025 तक भारत और ब्रिटेन की नौसेनाओं के बीच द्विपक्षीय अभ्यास 'कोंकण-2025' भारत के पश्चिमी तट पर चला यह अभ्यास ऐतिहासिक था क्योंकि इसमें पहली बार भारत के स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत और ब्रिटेन के कैरियर स्ट्राइक ग्रुप (CGS), जिसका नेतृत्व विमानवाहक पोत एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स (HMS Prince of Wales) ने किया, ने एक साथ भाग लिया।

## Newspaper of 14 October, 2025

### ■ एलन मस्क की Space X का 'स्टारशिप वर्जन 2' सफल–

13 अक्टूबर, 2025 को एलन मस्क की एयरबेस कंपनी स्पेसएक्स ने दुनिया के सबसे बड़े और सबसे शक्तिशाली रॉकेट 'स्टारशिप' (Starship) के 11वें टेस्ट फ्लाइट (वर्जन 2) का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। यह परीक्षण उड़ान बोका चिका, टेक्सास के स्टारबेस से लॉन्च हुई और रॉकेट ने पृथ्वी का लगभग आधा चक्कर लगाकार हिंद महासागर में सुरक्षित रूप से उतरने के लक्ष्य को पूरा किया। यह मिशन चाँद (नासा के आर्टेमिस मिशन के तहत) और मंगल की भविष्य की यात्राओं के लिए एक महत्त्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### ■ भारत और दक्षिण कोरिया का पहला नौसैनिक अभ्यास IN-RoKN–

13 अक्टूबर, 2025 को भारत और दक्षिण कोरिया की नौसेनाओं ने को बुसान नौसेना बेस, दक्षिण कोरिया में अपना पहला द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास IN-RoKN शुरू किया। इसमें भारतीय नौसेना का स्वदेश निर्मित आईएनएस सह्याद्रि (शिवालिक-श्रेणी गाइडेड मिसाइल स्टील्थ फ्रिगेट) अभ्यास

में भाग लेने के लिए बुसान पहुँचा कोरिया गणराज्य नौसेना का पोत ROKS ग्योंगनाम इस अभ्यास में शामिल हुआ। इसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच समुद्री सहयोग, इंटरऑपरेबिलिटी, आपसी समझ और विश्वास बढ़ाना।

## Newspaper of 15 October, 2025

### ■ गूगल (Google) ने भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) हब बनाने की घोषणा की; आन्ध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम् में AI हब के बनाने के तहत गूगल अगले 5 साल (2026-2030) में 15 अरब डॉलर का निवेश करेगा–

हाल ही में गूगल ने भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) हब बनाने की घोषणा की है। आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम में बनने वाले इस हब के लिए तहत गूगल अगले पाँच साल (2026-2030) में 15 अरब डॉलर का निवेश करेगा। दावा किया जा रहा है कि इससे 1.88 लाख नई नौकरियों के अवसर खुलेंगे।

**हब में यह होगा–**

- डेटा सेंटर कैंपस निर्माण होगा।
- डेटा सेंटर गूगल के 12 देशों में फैले वैश्विक एआइ डेटा सेंटर्स नेटवर्क का हिस्सा।
- नया अंतरराष्ट्रीय सब-सी गेटवे बनेगा जिसमें केबल विशाखापत्तनम पर लैंड होंगी।
- ई ट्रांसमिशन लाइन्स, स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन और ऊर्जा भंडारण प्रणालियाँ विकसित होगी।

**भारत को फायदा–**

- एआइ ट्रांसफॉर्मेशन को गति
- दुनिया में डिजिटल सेवा की बढ़ती मांग पूरा करने में भारत होगा अहम
- पूर्वी तट पर सब-सी गेटवे से मुंबई और चेन्नई के मौजूदा सब-सी केबल लैंडिंग का विकल्प-ऊर्जा क्षमता और ग्रिड मजबूती
- आंध्रप्रदेश-ओडिशा में आर्थिक गतिविधियाँ बढ़ेंगी।
- देश का तकनीकी उन्नयन, रोजगार के बड़े अवसर।

### ■ भारतीय स्टार्टअप गैलेक्सआई अगले साल दुनिया का पहला मल्टी-सेंसर अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट लॉन्च करेगा। इसका नाम 'मिशन दृष्टि' है। इसमें एक प्लेटफॉर्म पर कई सेंसिंग टेक्नोलॉजी होंगी। यह 1.5 मीटर रिजॉल्यूशन में हाई-क्वालिटी इमेजिंग देगा। इससे पृथ्वी की निगरानी अब तक के मुकाबले कहीं ज्यादा सटीक व व्यापक होगी।

### ■ एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने टेक्सास के बोका चिका से दुनिया के सबसे ताकतवर स्टारशिप रॉकेट का 11वाँ सफल परीक्षण किया–

14 अक्टूबर, 2025 को एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने टेक्सास के बोका चिका से दुनिया के सबसे ताकतवर स्टारशिप रॉकेट का 11वाँ सफल परीक्षण किया। दुनिया के आधे हिस्से का चक्कर लगाने के बाद बूस्टर रॉकेट से अलग हो गया, जिसे 10 मिनट बाद ही मेक्सिको की खाड़ी में सुरक्षित उतार लिया गया। रॉकेट ने अंतरिक्ष में डमी स्टारलिंक सैटेलाइट छोड़े और इंजन को दोबारा चालू करने का परीक्षण पूरा किया। स्टारशिप अंतरिक्ष यान (ऊपरी हिस्सा) और सुपर हैवी बूस्टर (निचला हिस्सा) को पूरे तौर से स्टारशिप कहा जाता है। जिसका उद्देश्य भविष्य में रॉकेट को उड़ान भरने वाली जगह पर वापस लाने से जुड़े परीक्षण करना था। 2023 में स्टारशिप का पहला ऑर्बिटल टेस्ट किया गया था।

### ■ ऑफलाइन डिजिटल रुपया हुआ लॉन्च, बिना इंटरनेट होगा भुगतान–

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) ने देश के डिजिटल वित्तीय सफर में एक महत्त्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए ऑफलाइन डिजिटल रुपया (ई ₹) लॉन्च किया गया है। यह घोषणा मुंबई में आयोजित ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 में की गई है। इसे लोग कैश की तरह ही खर्च कर पाएंगे और इसके लिए उन्हें क्यूआर कोड स्कैन या सिर्फ एक टैप करना होगा। इसे भारतीय रुपए का इलेक्ट्रॉनिक रूप कह सकते हैं। इसे यूजर डिज़िटल तरीके से यानी कि वॉलेट में स्टोर कर पाएगा और कैश की तरह ही बिना इंटरनेट का इस्तेमाल किए खर्च कर सकेगा।

खास बात है कि वॉलेट पर कोई शुल्क, न्यूनतम बैलेंस या ब्याज नहीं है और यदि मोबाइल खो जाता है तो वॉलेट रिकवर किया जा सकता है। डिजिटल रुपए का ऑफलाइन फीचर उन जगहों पर काम करेगा जहाँ इंटरनेट कमजोर या उपलब्ध नहीं है। यह खासतौर पर दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए फायदेमंद है। यूजर्स इन ऐप्स को प्ले स्टोर अथवा एपल स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। रजिस्टर कर भुगतान कर सकते हैं।

**डिजिटल रुपए और यूपीआइ में अंतर**–यूपीआई एक पेमेंट सिस्टम है, जिसकी मदद से आप बैंक में रखे अमाउंट को किसी दूसरे अकाउंट पर ट्रांसफर करते हैं।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## ■ भारत को सातवीं बार संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद् में चुना गया–

हाल ही में भारत को वर्ष 2026 से 2028 तक के तीन वर्षीय कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र का मानवाधिकार परिषद् (UNHRC) में निर्विरोध सदस्य चुना गया है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा में 14 अक्टूबर, 2025 को सम्पन्न चुनाव में भारत ने एशिया-प्रशांत समूह के तहत अपनी सीट सुरक्षित की।

भारत का तीन वर्ष का कार्यकाल एक जनवरी, 2026 से शुरू होगा। भारत का यूएनएचआरसी में यह सातवाँ कार्यकाल होगा।

1 जनवरी, 2026 से शुरू होने वाले कार्यकाल के लिए चुने गए अन्य सदस्य : अंगोला, चिली, इक्वाडोर, मिस्र, एस्टोनिया, इराक, इटली, मॉरीशस, पाकिस्तान, स्लोवेनिया, दक्षिण अफ्रीका, ब्रिटेन और वियतनाम।

## ■ भारत की पहली DNA आधारित हाथी गणना : देश में रह गए 22,446 हाथी–

14 अक्टूबर, 2025 को वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (WII) द्वारा भारत में पहली राष्ट्रीय स्तर की DNA-आधारित हाथी गणना की रिपोर्ट 'समकालिक अखिल भारतीय हाथी अनुमान 2021-25' जारी की गई है। इस वैज्ञानिक पद्धति के अनुसार, भारत में जंगली हाथियों की अनुमानित संख्या 22,446 है।

यह रिपोर्ट 2017 के अनुमान (29,964) से 25% की गिरावट को दर्शाती है, जो आवास हानि और मानव-हाथी संघर्ष पर गंभीर चिताएँ बढ़ाती है।

**सर्वाधिक हाथी आबादी वाले राज्य ( शीर्ष 3 )**

**कर्नाटक**–6013 हाथी (देश में सबसे अधिक)।

**असम**–4,159 हाथी।

**तमिलनाडु**–3,136 हाथी।

## ■ हिंदुस्तान शिपयार्ड को मिला मिनी रत्न का दर्जा–

14 अक्टूबर, 2025 को विशाखापत्तनम स्थित भारत के प्राचीनतम शिपबिल्डिंग उद्यमों में से एक, हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (HSL) को भारत सरकार द्वारा प्रतिष्ठित मिनी रत्न (श्रेणी-I) का दर्जा प्रदान किया गया है। यह दर्जा वित्तीय पुनरुत्थान और परिचालन सुधारों के बाद दिया गया है। वित्तीय वर्ष 2015-16 से 2024-25 तक HSL ने 10 में से 9 वर्षों में लगातार शुद्ध लाभ दर्ज किया है। उल्लेखनीय है कि हिन्दुस्तान शिपयार्ड 1932 में सार्वजनिक क्षेत्र में शामिल होने वाला भारत का पहला शिपयार्ड है।

**Newspaper of 16 October, 2025**

## ■ 15 अक्टूबर, 2025 को DRDO द्वारा विकसित सैन्य कॉम्बैट पैराशूट सिस्टम का सफल परीक्षण किया गया। 32000 फीट की ऊँचाई से फ्रीकॉल जंप करने के बाद पैराशूट को 30000 फीट पर खोला गया।

## ■ केदारनाथ रोपवे का प्रोजेक्ट अडाणी समूह को मिला; 2032 तक शुरू होगा; 36 मिनट में यात्रा पूरी होगी–

रुद्रप्रयाग में सोनप्रयाग से केदरानाथ रोपवे बनेगा। केन्द्र ने यह प्रोजेक्ट अडाणी समूह को सौंपा है। रोपवे 4081 करोड़ रुपये में समुद्र तल से 12 हजार फीट ऊपर और कठिन पर्यावरणीय चुनौतियों के बीच बनेगा। अभी सोनप्रयाग से केदार धाम की पैदल दूरी 21 किमी है, लेकिन रोपवे से 12.9 किमी रह जाएगी और 36 मिनट में पूरी होगी।

**रोपवे रूट पर 22 टावर, 5 स्टेशन होंगे।**

- इस अत्याधुनिक रोपवे का काम दो चरणों में होगा। पहले चरण में गौरीकुंड से केदारधाम तक 9.7 किमी रोपवे लगेगा।
- पूरे रूट पर 22 टावर, पाँच स्टेशन सोनप्रयाग, गौरीकुंड, चिरबासा, लिनचोली, केदारधाम होंगे। चिरबासा, लिनचौली तकनीकी स्टेशन रहेंगे। इमरजेंसी में इन्हें उपयोग करेंगे।
- रोपवे दुनिया के पहले ट्राई केबिल डिटैचेबल 50 गोंडोला लगेंगे। प्रत्येक में 36 सीट होंगी। इनसे 36 मिनट में 1800 यात्री सोनप्रयाग से केदारधाम आ-जा सकेंगे।

## ■ 'जोहो मेल' स्वदेशी मेल........ सरकार की एजेंसियों के 12 लाख से ज्यादा कर्मचारी जोहो प्लेटफॉर्म पर शिफ्ट हुए–

हाल में केन्द्रीय एजेंसियों के 12 लाख से ज्यादा कर्मचारी भी जोहो मेल प्लेटफॉर्म पर शिफ्ट हो गए हैं। यह कदम तेजी से बढ़ते और लगातार विकसित हो रहे साइबर खतरों से निपटने, कर्मचारियों के बीच डिजिटल हाइ जीन डेवलप करने और डेटा सुरक्षा को पुख्ता करने के उद्देश्य से उठाया गया है। जोहो भारतीय बहुराष्ट्रीय तकनीकी कंपनी है, जो क्लाउड आधारित सॉफ्टवेयर और बिजनेस टूल्स सर्विस देती है।

1996 में इसकी स्थापना श्रीधर वेम्बु और टोनी थॉमस ने की थी। इसका मुख्यालय चेन्नई में है। कंपनी अरट्टई मैसेंजर, जोहो मेल जैसी 80 एप सर्विस 160 देशों में उपलब्ध करा रही है।

- 2022 में हैकर्स ने एम्स के 5 सर्वर और 1.3 टीबी से ज्यादा डेटा पर कब्जा कर लिया था। इससे सरकार को

काफी नुकसान हुआ। यहीं एक स्वदेशी संचार तंत्र की जरूरत महसूस हुई।

- 2023 में केन्द्रीय सूचना मंत्रालय ने सुरक्षित मेल सेवाएँ देने के लिए टेंडर निकाले। टेंडर जोहो मेल ने जीता। इसके बाद नेशनल इंफॉर्मेटिक सेंटर ने 20 गोपनीय सुरक्षा मापदंडों पर जोहो मेल का ऑडिट किया। भारतीय कम्प्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल जैसी सुरक्षा एजेंसियों ने जोहो की स्वतंत्र सुरक्षा जांच की। इसके बाद जोहो पर भरोसा किया गया।

## वर्ष 2030 में फिर भारत में होंगे कॉमनवेल्थ गेम्स–

भारत को 2030 के कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी मिलने का रास्ता साफ हो गया है। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स के एग्जीक्यूटिव बोर्ड ने अहमदाबाद को मेजबान शहर बनाने की सिफारिश की। अब 26 नवंबर को ग्लासगो में होने वाली जनरल असेंबली में इस पर अंतिम मुहर लगेगी। यह फैसला औपचारिकता भर माना जा रहा है। भारत ने इससे पहले 2010 में दिल्ली में कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी की थी। 2030 में कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी भारत के लिए 2036 ओलंपिक की दावेदारी को भी मजबूत करेगी। भारत ने 2036 ओलंपिक के लिए भी अहमदाबाद को प्रस्तावित मेजबान शहर बनाया है।

## रूसी तेल के लिए भारत ने युआन में भुगतान शुरू किया–

भारत अब रूसी तेल के लिए चीनी मुद्रा युआन में भुगतान करने लगा है। रूस भारत को कच्चे तेल की सबसे बड़ी आपूर्ति करने वाले देशों में है।

## अनंत गोयनका : फिक्की के नए अध्यक्ष बने–

14 अक्टूबर, 2025 को भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (FICCI) ने आरपीजी समूह (RPG Group) के उपाध्यक्ष अनंत गोयनका को वर्ष 2025-26 के लिए अध्यक्ष-निर्वाचित नियुक्त करने की घोषणा की है। गोयनका वर्तमान में फिक्की वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं।

**पदभार ग्रहण**–वह 28-29 नवम्बर, 2025 को नई दिल्ली में होने वाली फिक्की की 98वीं वार्षिक आम बैठक के समापन पर हर्षवर्धन अग्रवाल का स्थान लेंगे।

## आईयूसीएन विश्व संरक्षण कांग्रेस 2025 का आयोजन–

9-15 अक्टूबर, 2025 को संयुक्त अरब अमीरात (UAE) में आईयूसीएन विश्व संरक्षण कांग्रेस 2025 का आयोजन अबू धाबी राष्ट्रीय प्रदर्शनी केन्द्र (एडीएनईसी) में हुआ इसका विषय 'परिवर्तन संरक्षण को शक्ति प्रदान करना' रहा इसका उद्देश्य प्रकृति संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के लिए आगामी दशक की वैश्विक प्राथमिकताओं को निर्धारित करना है। उल्लेखनीय है कि 'इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (IUCN)' विश्व संरक्षण कांग्रेस साल में एक बार होती है। यह पहली बार था जब संयुक्त अरब अमीरात ने इस कांग्रेस की मेजबानी की।

## एमएम असॉल्ट राइफलों के लिए एडवांस्ड नाइट साइट की खरीद हेतु सौदे पर हस्ताक्षर–

15 अक्टूबर, 2025 को रक्षा मंत्रालय ने भारतीय स्थल सेना की 7.62 × 51 मिमी SIG-716 असॉल्ट राइफलों के लिए एडवांस्ड नाइट साइट (इमेज इंटेंसिफायर) आर संबंधित उपकरणों की खरीद हेतु ₹ 659.47 करोड़ के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

यह अनुबंध एम/एस MKU लिमिटेड (कानपुर) और एम/एस मेडबिट टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (नोएडा) के कंसोर्टियम के साथ किया गया है।

इस खरीद को भारतीय-आईडीडीएम (Indian-IDDM) श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है, जिसमें 51% से अधिक स्वदेशी सामग्री शामिल है।

**इमेज इंटेंसिफायर**–यह एक ऐसी तकनीक है जो अत्यंत कम रोशनी (रात) में भी लक्ष्य को देखने और पहचानने की क्षमता को कई गुना बढ़ा देती है।

## तीन नए डॉ. अंबेडकर पीठों की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर–

15 अक्टूबर, 2025 को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत कार्यरत डॉ. अंबेडकर फाउंडेशन केन्द्र (DAF) ने डॉ. अंबेडकर अन्तरराष्ट्रीय केन्द्र (DAIC), नई दिल्ली में तीन नई डॉ. अंबेडकर पीठों की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य डॉ. बी.आर. अंबेडकर के जीवन, दर्शन और कार्यों पर शोध, शिक्षण और शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है।

### स्थापित की जाने वाली तीन नई पीठें–

- मुंबई विश्वविद्यालय (महाराष्ट्र)
- जयपुर राष्ट्रीय विश्वविद्यालय (राजस्थान)
- जी.बी. पंत तकनीकी विश्वविद्यालय और कृषि विश्वविद्यालय, पंतनगर (उत्तराखण्ड)

इन तीन नई पीठों की स्थापना के साथ, देशभर में कार्यरत डॉ.

अंबेडकर पीठों की कुल संख्या बढ़कर 28 हो गई है। (पहले 25 कार्यरत थीं)।

## पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए वित्तीय सहायता में शत प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दी गई–

15 अक्टूबर, 2025 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश के पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए वित्तीय सहायता में 100 प्रतिशत वृद्धि को स्वीकृति दे दी है। केन्द्रीय सैनिक बोर्ड द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत लिया गया यह निर्णय 1 नवम्बर, 2025 से लागू होगा।

### प्रमुख वृद्धि–

- पूर्व सैनिकों और उनके विधवाओं के लिए यह अनुदान ₹ 4000 से बढ़ाकर ₹8000 प्रति माह कर दिया गया है। यह लाभ उन वृद्ध (65 वर्ष से अधिक आयु) और गैर-पेंशनभोगी पूर्व सैनिकों एवं उनकी विधवाओं को आजीवन प्रदान किया जाएगा।
- दो आश्रित बच्चों (कक्षा 1 से स्नातक तक) या दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम कर रही विधवाओं के लिए सहायता ₹ 1000 से बढ़ाकर ₹ 2000 प्रति व्यक्ति माह कर दी गई है।

**Newspaper of 17 October, 2025**

## हैदराबाद की स्पेस स्टार्टअप कंपनी स्काईरूट ने लयबद्ध परीक्षण किया–

### जब 'रॉकेट' ने गाया, 'सारे जहाँ से अच्छा' रमन इंजन के थ्रस्ट पल्स से फूटा संगीत–

हैदराबाद की स्पेस स्टार्टअप कंपनी स्काईरूट एयरोस्पेस ने हाल में एक विडियो शेयर किया है, जिसमें उसके रमन मिनी थ्रस्टर्स 'सरो जहां से अच्छा' की धुन 'गुनगुनाना' रहे है। ऑर्बिटल एडजस्टमेंट मॉड्यूल (ओएएम) स्टेज टेस्ट के हिस्से के रूप में जैसे ही इंजन चालू हुआ, उसकी धड़कन जैसी लय जैसे 'सारे जहाँ से अच्छा' की ताल से सटीक मेल खाने लगी। कंपनी के अनुसार यह एक संयोग था जो गर्व का पल बन गया। टेस्ट का उद्देश्य जांचना था कि थ्रस्टर्स अलग-अलग शक्ति स्तरों पर कितनी स्थिरता व निरंतरता बनाए रखते हैं। स्काईरूट, विक्रम-एस के साथ अंतरिक्ष में रॉकेट प्रक्षेपित करने वाली पहली निजी भारतीय कंपनी है।

**नोबेल विजेता के नाम पर रमन मिनी थ्रस्टर्स–**नोबेल विजेता सर सीवी रमन के नाम पर बनाए गए रमन मिनी थ्रस्टर्स, स्काईरूट के अंतरिक्ष यानों का अभिन्न हिस्सा हैं। इन्हें ऑर्बिटल एडजस्टमेंट मॉड्यूल (ओएएम) का दिल कहा जाता है। ये इंजन किसी उपग्रह की कक्षा को बारीकी से समायोजित करने का कार्य करते हैं।

## पार्श्व गायिका बालासरस्वती का निधन–

हाल ही में तेलुगु व तमिल अभिनेत्री और पार्श्व गायिका आर. बालासरस्वती देवी (97) का निधन हो गया। वे तेलुगु फिल्म जगत की पहली पार्श्व गायिका थीं। उल्लेखनीय है कि 'सती अनसूया' में पहली बार गाने के बाद उन्होंने दो हजार से ज्यादा गाने गाए।

## दुबई में अब एआइ ट्रैफिक प्रबंधन प्रणाली शुरू–

दुबई ने अपनी सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक प्रबंधन प्रणाली को एक नए स्तर पर ले जाने के लिए एआइ से चलने वाले इंटेलिजेंट ट्रैफिक सिस्टम की शुरुआत की है। इससे ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों की तुरंत पहचान कर रिकॉर्ड किया जा सकेगा। इसे इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह चालान, नियमों के उल्लंघन और ड्राइवर के व्यवहार को रियल टाइम में ट्रैक कर सके।

### पाँच प्रमुख ट्रैफिक उल्लंघनों पर नजर–

- **सीट बेल्ट न पहनना–**ड्राइवर और यात्री की सुरक्षा पर नजर।
- **फोन का उपयोग–**गाड़ी चलाते समय फोन के इस्तेमाल पर नजर।
- **ट्रैफिक में बाधा–**सड़क पर अनावश्यक रुकावटें देखना।
- **बेवजह रुकना–**गाड़ियों के गलत तरीके से रुकने की पहचान करना।
- **सुरक्षित दूरी–**दो गाड़ियों के बीच सुरक्षित दूरी पर नजर

## ओलंपिक चैंपियन टिटमस ने 25 की उम्र में लिया संन्यास; दो ओलंपिक में आठ पदक जीते हैं।

ऑस्ट्रेलिया की चार बार की ओलंपिक चैंपियन और महिलाओं की 200 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी में विश्व रेकॉर्ड धारक 25 वर्षीय एरियाना टिटमस ने तैराकी से संन्यास ले लिया है। टिटमस ने कहा, मुझे तैराकी हमेशा से पसंद रही है, बचपन से ही यह मेरा जुनून रहा है। लेकिन मुझे लगता है कि मैंने इस खेल से कुछ समय दूर रहकर यह महसूस किया है कि मेरे जीवन मे कुछ चीजें अब मेरे लिए तैराकी से थोड़ी अधिक महत्त्वपूर्ण यह मुझे मंजूर है।

## उपलब्धि : हैदराबाद के पर्वतारोही थम्मिनेनी ने रचा इतिहास–

तेलंगाना राज्य के हैदराबाद निवासी भारथ थम्मिनेनी पहले भारतीय बने, जिन्होंने हिमालय पर्वत की 8000 मीटर ऊँची सभी नौ चोटियों पर चढ़ाई पूरी की। 14 अक्टूबर, 2025 को चो ओयू (8201 मीटर) विजय के साथ उन्होंने यह कीर्तिमान स्थापित किया।

## मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना की भारत यात्रा–

13-16 अक्टूबर, 2025 तक मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ तक भारत की राजकीय यात्रा पर रहे। मंगोलिया के राष्ट्राध्यक्ष के तौर पर यह उनकी पहली भारत यात्रा थी।

### यात्रा के मुख्य बिंदु–

- दोनों देशों ने विरासत संरक्षण, खनिज संसाधनों, डिजिटल समाधान और मानवीय सहयोग सहित विभिन्न क्षेत्रों में 10 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए।
- भारत, मंगोलिया की सीमा सुरक्षा बल के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू करेगा।
- भारत की $1.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर की ऋण सहायता वाली मंगोलिया में प्रमुख तेल रिफाइनरी परियोजना पर चर्चा हुई।
- प्रधानमंत्री मोदी ने मंगोलियाई नागरिकों के लिए मुफ्त ई-वीजा देने की घोषणा की। अगले वर्ष भगवान बुद्ध के शिष्यों, सारिपुत्र और मौद्गल्यायन के पवित्र अवशेष मंगोलिया जाएँगे।
- इस यात्रा के दौरान एक भारत-मंगोलिया व्यापार मंच का आयोजन किया गया और राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगाँठ को चिह्नित करने के लिए स्मारक डाक टिकट जारी किए गए।
- दोनों देशों ने अपने संबंधों को 'रणनीतिक भागीदार', 'आध्यात्मिक पड़ोसी' और 'तीसरे पड़ोसी' के रूप में रेखांकित किया।

## खान मंत्रालय ने पहला 'राज्य खनन तत्परता सूचकांक' (SMRI) 2025 जारी किया–

16 अक्टूबर, 2025 को केन्द्रीय खान मंत्रालय ने खनन क्षेत्र में सुधारों को बढ़ावा देने के लिए देश का पहला राज्य खनन तत्परता सूचकांक और राज्य रैंकिंग जारी की है।

यह सूचकांक मुख्य रूप से गैर-कोयला खनिजों के खनन पर केन्द्रित है।

**राज्य का वर्गीकरण ( खनिज भंडार के आधार पर )**

| श्रेणी | खनिज संपदा | शीर्ष तीन स्थान प्राप्त राज्य |
|---|---|---|
| A | उच्च खनिज भंडार वाले राज्य | मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात |
| B | मध्यम खनिज भंडार वाले राज्य | गोवा, उत्तरप्रदेश, असम |
| C | निम्न खनिज भंडार वाले राज्य | पंजाब, उत्तराखण्ड, त्रिपुरा |

**Newspaper of 18 October, 2025**

## श्रीलंकाई प्रधानमंत्री की भारत यात्रा–

16-18 अक्टूबर, 2025 को श्रीलंका की प्रधानमंत्री डॉ. हरिनी अमरसूर्या भारत की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर आईं। प्रधानमंत्री के रूप में पदभार सँभालने के बाद यह उनकी पहली भारत यात्रा थी। यह यात्रा भारत के 'पड़ोसी प्रथम' नीति और 'महासागर विजन' द्वारा प्रेरित मित्रता के बंधन को और मजबूत करती है।

इस यात्रा के दौरान श्रीलंकाई प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से शिक्षा, प्रौद्योगिकी, नवाचार, विकास सहयोग और दोनों देशों के मछुआरों के कल्याण सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

## भारत-इंडोनेशिया के बीच 5वाँ समुद्री शक्ति नौसैनिक अभ्यास–

14 से 17 अक्टूबर, 2025 तक भारतीय नौसेना ने आन्ध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम में इंडोनेशियाई नौसेना के साथ द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास 'समुद्र शक्ति' के 5वें संस्करण की मेजबानी की। इसका उद्देश्य दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच अंतर-संचालनीयता, आपसी समझ और समुद्री क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करना।

## लखनऊ सिटी स्टेशन बना उत्तर भारत का पहला ऑल-वुमन संचालित रेलवे स्टेशन–

हाल ही में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में स्थित लखनऊ सिटी रेलवे स्टेशन को उत्तर भारत का पहला पूर्णतः महिला संचालित रेलवे स्टेशन घोषित किया गया है। भारत का पहला पूर्णतः महिला संचालित रेलवे स्टेशन मुंबई का माटुंगा रेलवे स्टेशन था। पूर्वोत्तर रेलवे के तहत आने वाले इस स्टेशन पर सुपरिटेंडेंट से लेकर सुरक्षा तक की सभी परिचालन जिम्मेदारियाँ 34 महिला कर्मचारियों की एक टीम द्वारा सँभाली जा रही है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 19 October, 2025

- **लखनऊ में बनी ब्रह्मोस मिसाइलों की पहली खेप रवाना हुई–**

18 अक्टूबर, 2025 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में स्थित ब्रह्मोस इंटीग्रेशन एंड टेस्टिंग फैसिलिटी सेंटर से निर्मित ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों की पहली खेप को संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

ब्रह्मोस एकीकरण एवं परीक्षण सुविधा केन्द्र, लखनऊ 'उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारे' (UPDIC) का एक महत्त्वपूर्ण घटक है। यह अत्याधुनिक इकाई 11 मई, 2025 को उद्घाटित हुई थी और मात्र पाँच महीनों में इसने पहली खेप तैयार कर दी।

- **भारतीय तटरक्षक बल ने दो तीव्र गति के गश्ती पोतों का जलावतरण किया–**

24 अक्टूबर, 2025 को भारतीय तटरक्षक बल के लिए दो उन्नत गश्तीपोतों का जलावतरण गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में को किया गया।

ये गश्तीपोत–आईसीजीएस अजीत ( ICGS Ajit) एवं आईसीजीएस अपराजित (ICGS Aparajit) हैं। इनका निर्माण गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (GSL) द्वारा किया गया है। ये पोत बेहतर गतिशीलता और प्रणोदन दक्षता के लिए नियंत्रणीय पिच प्रोपेलर (सीपीपी) से सुसज्जित हैं। इस वर्ग के जहाजों में सीपीपी का इस्तेमाल भारत में पहली बार हुआ है।

- **जापान-भारत समुद्री अभ्यास (JAIMEX-25)–**

जापान-भारत समुद्री अभ्यास (JAIMEX-25) का समुद्री चरण 16 से 18 अक्टूबर, 2025 तक संपन्न हुआ, जिसके बाद 21 अक्टूबर को योकोसुका, जापान में बंदरगाह चरण शुरू हुआ।

**भारतीय नौसेना की भागीदारी**–स्वदेश निर्मित आईएनएस सह्याद्रि (शिवालिक-श्रेणी गाइडेड मिसाइल स्टील्थ फ्रिगेट) ने अभ्यास में भाग लिया।

**जापान की भागीदारी :** जापान मैरीटाइम सेल्फ-डिफेंस फोर्स (JMSDF) के जहाजों असाही, ओउमी और पनडुब्बी जिनरयु ने हिस्सा लिया।

- **सुल्तान जोहोर कप 2025–**

11-18 अक्टूबर, 2025 को जोहोर बारू (मलेशिया) में जोहारे कप 2025 का आयोजन हुआ। इसमें प्रतिभागी टीमें–6 (ऑस्ट्रेलिया, भारत, ग्रेट, ब्रिटेन, पाकिस्तान, मलेशिया, न्यूजीलैण्ड)।

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम को सुल्तान जोहोर कप 2025 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा।

**विजेता टीम**–ऑस्ट्रेलिया (तीसरी बार खिताब जीता) रही।

**उपविजेता टीम**–भारत (फाइनल में रिकॉर्ड 8वीं बार प्रदर्शन) रही।

## Newspaper of 23 October, 2025

- **22 अक्टूबर, 2025 को भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर और दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा को भारतीय सेना की टैरिटोरियल आर्मी में मानद लेफ्टिनेंट कर्नल के पदक से सम्मानित किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने साउथ ब्लॉक में हुए समारोह में नीरज को यह सम्मान चिह्न प्रदान किया। नीरज चोपड़ा ने 2020 के टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। 2024 के पेरिस ओलंपिंक में रजत पदक व 2023 की वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।**

- **ग्लोबल फोरेस्ट रिसोर्स असेसमेंट 2025 रिपोर्ट जारी; एक दशक में देश का वनक्षेत्र 1.91 लाख हेक्टेयर बढ़ा वैश्विक स्तर पर 10वें से 9वें स्थान पर आया–**

भारत वैश्विक वन क्षेत्र के मामले में देश 10वें से 9वें स्थान पर आ गया। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) की ओर से बाली में जारी ग्लोबल फॉरेस्ट रिसोर्स असेसमेंट 2025 रिपोर्ट में सामने आई है। केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने इसे सतत वन प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण में भारत की एक बड़ी उपलब्धि बताया। इंडियन स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट (आइएसएफआर) के मुताबिक देश में 8,27,357 वर्ग किमी क्षेत्र में वन हैं, जो कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 25.17% है। इसमें वन 7,15343 वर्ग किमी है जबकि 1,1214 वर्ग किमी. वृक्ष है। यह क्षेत्रफल 2021 की तुलना में 1445 वर्ग किमी बढ़ा है। मिजोरम 85% के साथ सबसे घने जंगल वाला प्रदेश है।

**4.14 अरब हेक्टेयर दुनिया कुल वनक्षेत्र**–विश्व के कुल वन क्षेत्र का आकार 4.14 अरब हेक्टेयर है, जो पृथ्वी की 32% जमीन को घेरता है। इनमें से 54% हिस्सा केवल पाँच देशों रूस, ब्राजील, कनाडा, अमेरिका और चीन के पास है। भारत अब ऑस्ट्रेलिया, कांगों ओर इंडोनेशिया के बाद नौवें नंबर पर है।

- **धरती के पास अब दो 'चांद'! नासा ने खोजा नया साथी–50 साल तक रहेगा पृथ्वी के करीब–**

धरती के आकाश में अब एक नहीं, बल्कि दो चांद नजर

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

आएंगे-हालांकि इनमें से एक असली नहीं, बल्कि 'क्वासी मून' है। नासा ने पुष्टि की है '2025' में खोज गया था और इसे 'मिनी मून' कहा जा रहा है। वैज्ञानिकों के अनुसार यह वास्तव में पृथ्वी की परिक्रमा नहीं करता, बल्कि सूर्य की कक्षा में पृथ्वी के समान गति से घूमता है, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि यह पृथ्वी के चारों और चक्कर लगा रहा है। अनुमान है कि यह 2083 तक हमारे ग्रह के निकट रहेगा और फिर धीरे-धीरे खुले अंतरिक्ष में लौट जाएगा।

**क्या है 'क्वासी मून'–**'क्वासी मून' उन खगोलीय पिंडों को कहा जाता है जो सूर्य की परिक्रमा करते हुए पृथ्वी के करीब बने रहते हैं, जिससे वे उपग्रह जैसे दिखते हैं। 2025 पीएन7 पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से हल्के रूप में बँधा है, पर यह उसका प्राकृतिक उपग्रह नहीं है। यह सूर्य की परिक्रमा करते समय आकाश में आठ आकार का मार्ग बनाता प्रतीत होता है।

- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सबरीमाला मंदिर में पूजा करने वाली पहली महिला राष्ट्रपति बनीं–**

22 अक्टूबर, 2025 को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने केरल के प्रसिद्ध सबरीमाला स्थित भगवान अयप्पा मंदिर में पूजा-अर्चना कर इतिहास रचा है। वह सबरीमाला मंदिर में पूजा-अर्चना करने वाली पहली वाली राष्ट्रपति बनीं। इससे पहले 1970 के दशक में तत्कालीन राष्ट्रपति वी.वी. गिरी ने यहाँ का दौरा किया था।

- **प्रसिद्ध वैज्ञानिक और डॉ. विक्रम साराभाई के सहयोगी प्रोफेसर एकनाथ वसंत चिटनिस का 100 वर्ष की आयु में पुणे में निधन हो गया वह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान कार्यक्रम के संस्थापकों में से एक थे। उन्होंने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान समिति (इंकोस्पार) के प्रारम्भिक वर्षों में अहम भूमिका निभाई जो आगे चलकर इसरो बनी। प्रो. चिटनिस ने थुंबा को देश के पहले रॉकेट प्रक्षेपण स्थल के रूप में चुने जाने में निर्णायक योगदान दिया था और 1963 में भारत के पहले साउंडिंग रॉकेट 'नाइक-अपाचे' के प्रक्षेपण में प्रमुख भूमिका निभाई।**

- **भारत सीओपी 10 ब्यूरो का उपाध्यक्ष चुना गया–**

हाल ही में भारत को पेरिस (फ्रांस) में आयोजित खेलों में डोपिंग के विरुद्ध दसवें अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन (COP10) में एशिया-प्रशांत ब्यूरो (समूह IV) का उपाध्यक्ष पुनः चुना गया है। यह बैठक इस सम्मेलन की 20वीं वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में पेरिस स्थित यूनेस्को मुख्यालय में 20-22 अक्टूबर 2025 तक आयोजित की गई। इसका उद्देश्य इसके प्रशासन और प्रभावशीलता को बढ़ाना है।

## Newspaper of 24 October, 2025

- **अभिनव शीतकालीन ओलंपिक खेलों के मशालवाहक होंगे; 2026 में इटली में होगा खेलों का आयोजन–**

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता दिग्गज भारतीय निशानेबाज अभिनव बिंद्रा को अलगे साल होने वाले शीतकालीन ओलंपिक खेलों के लिए मशालवाहक के रूप में चुना गया था। इन खेलों का आयोजन साल 2026 में इटली के मिलान और कोर्टिना डी अमपेत्जो में होगा। ये चौथा अवसर होगा, जब इटली इन खेलों की मेजबानी करेगा। इन खेलों में 16 स्पर्धाओं में कुल 116 पदक मुकाबले होंगे।

- **भारतीय मूल के इतिहासकार सुनील अमृत को उनकी किताब 'द बर्निंग अर्थ' के लिए इस साल का ब्रिटिश एकेडमी बुक प्राइस मिला है। इसके तहत उन्हें ₹ 26 लाख की राशि मिलेगी। सुनील अमृत अमेरिका की वेल यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर हैं। उनका जन्म केन्या में हुआ था, वे साउथ इंडियन माता-पिता की संतान हैं और सिंगापुर में पले-बढ़े हैं।**

- **भारतीय महिला क्रिकेटर-ओपनर स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल एक मैच में शतक लगाने वाली पहली भारतीय ओपनिंग जोड़ी बनीं–**

23 अक्टूबर, 2024 को भारतीय ओपनर स्मृति मंधान और प्रतिका रावल ने यहाँ न्यूजीलैंड के खिलाफ आइसीसी वनडे विश्वकप मुकाबले में शतक जड़ दिया। दोनों ने पहले विकेट के लिए 212 रन जोड़े। प्रतिका और मंधाना वनडे इतिहास में एक ही मैच में शतक लगाने वाली पहली भारतीय जोड़ी भी बनीं। भारत ने बारिश से प्रभावित यह मैच आसानी से 53 रन से जीता और सेमीफाइनल में पहुँचने वाली चौथी टीम बनी।

- **एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट 'माहे' भारतीय नौसेना में शामिल–**

23 अक्टूबर, 2025 को कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (CSL), कोच्चि ने एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट श्रेणी का पोत 'आईएनएस माहे' (INS Mahe) भारतीय नौसेना को सौंप दिया। 'आईएनएस मोह' सीएसएल कोच्चि द्वारा निर्मित एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट (ASW-SWC) श्रेणी का पहला पोत है। इस पोत का नाम केन्द्रशासित पुडुचेरी के ऐतिहासिक बंदरगाह के नाम पर रखा गया है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

इसके निर्माण में 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग हुआ है। यह पोत तटीय जल के अन्दर निगरानी, कम तीव्रता वाले समुद्री अभियानों (LIMO), पनडुब्बी रोधी युद्ध (ASW) के लिए सुसज्जित है और इसमें बारूदी सुरंग बिछाने की क्षमता है। यह पोत टॉरपीडो, बहुक्रियाशील पनडुब्बी रोधी रॉकेट और उन्नत रडार व सोनार से लैस होकर जल के अंदर युद्ध में भी सक्षम है।

## Newspaper of 25 October, 2025

- **अब बच्चों के लिए भी 'चिल्ड्रंस बुकर प्राइज' मिलेगा; 2026 से नामांकन, 2027 में पहला पुरस्कार मिलेगा–**

**8 से 12 साल के लेखकों को मिलेगा सम्मान, ज्यूरी में भी शामिल होंगे बच्चे–**

हाल ही में साहित्य के क्षेत्र में दुनिया के प्रतिष्ठित पुरस्कारों में एक बुकर प्राइज फाउंडेशन ने बच्चों के लिए 'चिल्ड्रंस बुकर प्राइज' की घोषणा की है। इसमें 8 से 12 साल के बच्चों को समकालीन फिक्शन के लिए 50 हजार पाउंड यानी 58.61 लाख रुपए का इनाम दिया जाएगा। इसका उद्देश्य बच्चों में पढ़ने की आदत को बढ़ाना, युवाओं को पढ़ने के लिए प्रेरित करना है। पहला चिल्ड्रन बुकर प्राइज 2027 में दिया जाएगा, जिसके लिए 2026 से नामांकन किया जा सकेगा। यह पुरस्कार ऐसी कृति को दिया जाएगा, जो अंग्रेजी में लिखी या अनुवादित की गई हो और यूके और/या आयरलैंड में प्रकाशित हो। इस पुरस्कार की सबसे खास बात यह है कि इसमें विजेता का चयन बाल और वयस्क न्यायाधीशों की टीम करेगी। इसके पहले अध्यक्ष फ्रैंक कॉटरेल-बॉयस होंगे। शिक्षा संस्था एकेओ फाउंडेशन की मदद से इस प्रतियोगिता में शॉर्ट लिस्ट की गई और विजेता पुस्तकों की 30 हजार प्रतियाँ बच्चों को मुफ्त दी जाएंगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ज्यादा बच्चे दुनिया की सर्वश्रेष्ठ कहानियों को पढ़ें और अपनाएँ।

उल्लेखनीय है कि बुकर फाउंडेशन के मुताबिक 20 साल बाद किसी नए पुरस्कार की घोषणा की गई है। इससे पहले 2005 में इंटरनेशनल बुकर प्राइज शुरू किया गया था।

- **भारतीय विज्ञापन को नया अंदाज देने वाले एड गुरु पीयूष पांडे (70) का निधन हुआ; वे विभिन्न ब्रांड्स की पॉपुलिर्टी लोगों की जुबान तक लाए थे–**

24 अक्टूबर, 2025 को भारतीय विज्ञापन को नया अंदाज देने वाले एड गुरु पीयूष पांडे (70) का मुंबई में निधन हो गया। पद्मश्री से सम्मानित पांडे न केवल विज्ञापन के जरिए ब्रांड्स को लोगों की जुबान तक लाए बल्कि उन्होंने सामाजिक जागरूकता फैलाने वाले अभियानों को घर-घर पहुँचाया। विज्ञापन जगत की चार दशक की यात्रा में उन्होंने विज्ञापनों को पश्चिमी शैली से निकालकर भारतीयता के भाव भरे। सरल उच्चारण और हल्के-फुल्के शब्दों में बात कहने का उनका अंदाज हमेशा याद किया जाएगा।

**यादगार विज्ञापन और उनके स्लोगन–**

- मिले सुर मेरा तुम्हारा, तो सुर बने हमाराँ .........
- दो बूंद जिंदगी की
- अबकी बार मोदी सरकार
- क्या स्वाद है जिंदगी में
- दम लगा के हइशा
- हर घर कुछ कहता है
- ठंडा मतलब

- **24 अक्टूबर, 2025 को बेंगलुरु में एचएएल की ओर से विकसित एचटीटी-40 सीरीज के विमान ( टीएच-4001 ) ने पहली उड़ान भरी। स्वदेशी तकनीक से बना यह बेसिक ट्रेनर एयरक्राफ्ट भारतीय वायुसेना के प्रशिक्षण कार्यक्रम को नई दिशा देगा।**

- **अक्टूबर, 2025 में महाराष्ट्र के सांगली जिले के इस्लामपुर का नाम अब ईश्वरपुर कर दिया गया है। भारतीय सर्वेक्षण विभाग ने गृह मंत्रालय की स्वीकृति के बाद इस प्रस्ताव को मंजूरी दी है। गौरतलब है कि इस्लामपुर नगर परिषद् ने जून 2025 में नाम परिवर्तन का प्रस्ताव पारित किया था।**

- **हाल ही में चेन्नई की 18 वर्षीय धानवी कार्तिकेयन रूस के मॉस्को स्थित अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण और उपग्रह निर्माण केन्द्रों का दौरा करने वाली तमिलनाडु की पहली छात्रा बन गई हैं। एक देशव्यापी ऑनलाइन स्पर्धा में भारत से पाँच बच्चों को चुना गया था। इनमें से धानवी एक है। स्पर्धा में देश के पाँच लाख बच्चों ने भाग लिया था।**

- **हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2025 में भारत की 85वीं रैंकिंग रही–**

अक्टूबर, 2025 में जारी 'हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2025' की नवीनतम रैंकिंग में वैश्विक यात्रा स्वतंत्रता के आधार पर दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्टों को स्थान दिया गया। इसमें भारत की 85वीं रैंक रही जो जनवरी 2024 के 80वें स्थान से 05 पायदान नीचे है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

| सूचकांक में शीर्ष स्थान प्राप्त पासपोर्ट | | |
|---|---|---|
| रैंक | पासपोर्ट | वीजा फ्री स्कोर |
| 1 | सिंगापुर | 193 |
| 2 | दक्षिण कोरिया | 190 |
| 3 | जापान | 189 |
| 4 | जर्मनी, इटली, लक्जमबर्ग, स्पेन स्विट्ज़रलैण्ड | 188 |
| 5 | ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, डेनमार्क, फ्रांस, फिनलैण्ड, आयरलैण्ड व नीदरलैण्ड | 187 |

## Newspaper of 26 October, 2025

■ **प्रशान्त महासागर के द्वीप देश पलाऊ ने दुनिया का पहला लाइव अंडरवाटर इंटरव्यू आयोजित किया–**

अक्टूबर, 2025 में प्रशांत महासागर का द्वीप देश पलाऊ ने दुनिया का पहला लाइव अंडरवाटर इंटरव्यू आयोजित कर इतिहास रच दिया है। पलाऊ के राष्ट्रपति सुरैंगल व्हिप्स जूनियर का यह इंटरव्यू एस्टोनियाई ओलम्पिक तैराक व महासागर कार्यकर्त्ता मेर्ले लीवैंड के साथ पानी के नीचे किया गया। इसका उद्देश्य महासागरों के संरक्षण के प्रति वैश्विक जागरूकता बढ़ना और पलाऊ जैसे छोटे द्वीपी देशों के लिए बढ़ते समुद्र स्तर के खतरों को उजागर करना। समुद्र के नीचे की यह बातचीत लाईफाई (LiFi) टॉकिंग मास्क तकनीक से संभव हुई। यह तकनीक पानी के अंदर ध्वनि संचारित करने के लिए प्रकाश का उपयोग करती है।

■ **राज्यों को जल संरक्षण और किसानों की आय बढ़ाने के लिए नई 'प्रति बूँद अधिक फसल' नीति–**

अक्टूबर, 2025 में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने 'प्रति बूँद अधिक फसल' योजना के तहत एक नई संशोधित नीति लागू की है। इस नीति का मुख्य उद्देश्य पानी की हर बूँद का महत्तम उपयोग सुनिश्चित करना और राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों को उनकी स्थानीय जरूरतों के अनुसार सूक्ष्म स्तर पर जल संरक्षण योजनाएँ शुरू करने में अधिक लचीलापन और स्वायत्तता प्रदान करना है।

■ **भारतीय महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों के प्रोत्साहन हेतु 'वी राइज' पहल लॉन्च–**

नीति आयोग के महिला उद्यमिता मंच (WEP) और डीपी वर्ल्ड (DP World) ने संयुक्त से 'वी राइज़–महिला उद्यमी समावेशी ओर सतत उद्यमों की पुनर्कल्पना' नामक पहल की घोषणा की है। इस प्रमुख सार्वजनिक निजी सहयोग का उद्देश्य भारतीय महिलाओं के नेतृत्व वाले सूक्ष्म, लघु और माध्यम उद्यमों को व्यापार सुविधा, मार्गदर्शन और रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से वैश्विक बाजारों तक पहुँच बनाने में सहायता करना है।

## Newspaper of 27 October, 2025

■ **तीन प्रमुख बंदरगाह 'हरित हाइड्रोजन हब' घोषित ( राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन )**

अक्टूबर, 2025 में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) ने राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन (NGHM) के तहत तीन प्रमुख बंदरगाहों को हरित हाइड्रोजन हब (Green Hydrogen Hubs) के रूप में औपचारिक रूप से मान्यता दी है। इसका उद्देश्य भारत को हरित हाइड्रोजन उत्पादन, उपयोग और निर्यात का वैश्विक केन्द्र बनाना है।

**मान्यता प्राप्त तीन बंदरगाह (Green Hydrogen Hubs) :**

दीनदयाल पोर्ट अथॉरिटी (DPA)–कांडला, गुजरात (पश्चिमी गलियारा)।

**वी. ओ. चिंदबरनार पोर्ट अथॉरिटी (VOCPA)**– तूतीकोरिन, तमिलनाडु (दक्षिण हब)।

पारादीप पोर्ट अथॉरिटी (PPA)–पारादीप, ओडिशा (पूर्वी गलियारा)।

उल्लेखनीय है कि हरित हाइड्रोजन हब ऐसे भौगोलिक क्षेत्र होते हैं जहाँ नवीनकरणीय ऊर्जा के माध्यम से उत्पादित हरित हाइड्रोजन का उत्पादन, भंडारण, परिवहन और विभिन्न क्षेत्रों में उपयोग (जैसे शिपिंग, उर्वरक, रिफाइनिंग) एक एकीकृत क्लस्टर के रूप में किया जाता है।

■ **स्वदेशी सैन्य लड़ाकू पैराशूट प्रणाली का 32000 फीट की ऊँचाई पर सफल परीक्षण–**

अक्टूबर, 2025 में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित सैन्य लड़ाकू पैराशूट प्रणाली ने 32000 फीट की ऊँचाई से सफलतापूर्वक लड़ाकू फ्रीफॉल जंप का परीक्षण किया है।

उच्च ऊँचाई से कूदने के दौरान लड़ाकू कर्मियों के लिए सुरक्षित, नियंत्रित और स्टीयरेबल लैंडिंग सुनिश्चित करना। यह प्रणाली विशेष रूप से सैनिकों को दुर्गम क्षेत्रों और शत्रु रेखाओं के पीछे तेजी से और चुपचाप तैनात करने के लिए डिजाइन की गई है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## रूस ने ब्यूरेवेस्टनिका का सफल परीक्षण किया–

26 अक्टूबर, 2025 को रूस ने परमाणु संचालित और परमाणु सक्षम क्रूज मिसाइल 'ब्यूरेवेस्टनिका' का सफल परीक्षण किया है, जिसकी पुष्टि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने की।

9M730 ब्यूरेवेस्टनिका को 'स्टॉर्म पेट्रेल' तथा नाटो द्वारा इसे 'SSC-X-9 Skyfall' भी कहा जाता है।

## महाराष्ट्र के 5 समुद्र तटों को अन्तरराष्ट्रीय ब्लू फ्लैग का प्रमाण-पत्र–

अक्टूबर, 2025 में महाराष्ट्र पाँच समुद्र तटों को अन्तरराष्ट्रीय ब्लू फ्लैग प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया है। इसमें महाराष्ट्र के समुद्र तट पहली बार इस प्रतिष्ठित वैश्विक इको-लेबल सूची में शामिल हुए। इस प्रमाणन से भारत में ब्लू फ्लैग प्रमाणित समुद्र तटों की कुल संख्या 18 हो गई है। यह प्रदानकर्ता संस्था फाउंडेशन फॉर एनवायरमेंटल एजुकेशन (FEE), डेनमार्क स्थित एक अन्तरराष्ट्रीय गैर-लाभकारी संगठन है।

### महाराष्ट्र के पाँच ब्लू फ्लैग प्रमाणित समुद्र तट–

- श्रीवर्धन (रायगढ़ जिला)
- नागाँव (रायगढ़ जिला)
- परनाका (पालघर जिला)
- गुहागर (रत्नागिरी जिला)
- लाडघर (रत्नागिरी जिला)

कुल संख्या (भारत में 2025 तक) : 18 समुद्र तट।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया संयुक्त सैन्य अभ्यास 'ऑस्ट्राहिंद-2025'

यह अभ्यास शृंखला 2022 में शुरू हुई थी और भारत तथा ऑस्ट्रेलिया में वैकल्पिक रूप से आयोजित की जाती है। इसमें भारतीय सेना की 120 कर्मियों वाली टुकड़ी शामिल रही।

## राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार 2025 की घोषणा की गई–

26 अक्टूबर, 2025 को विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्टता को सम्मानित करने के लिए राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार 2025 के विजेताओं की घोषणा की।

यह पुरस्कार चार मुख्य श्रेणियों में प्रदान किया जाता है–

- विज्ञान रत्न (VR) : आजीवन उपलब्धियों के लिए।
- विज्ञान श्री (VS) : विशिष्ट योगदान के लिए।
- विज्ञान युवा-शांति स्वरूप भटनागर (VY-SSB)–45 वर्ष से कम आयु के युवा वैज्ञानिकों के लिए।
- विज्ञान टीम (VT) : उत्कृष्ट सामूहिक/सहयोगात्मक कार्य के लिए।

### पुरस्कार विजेता निम्न रहे–

- **विज्ञान रत्न**–प्रो. जयंत विष्णु नार्लीकर (भौतिकी)-मरणोपरांत
- **विज्ञान श्री**–
  डॉ. ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह (कृषि विज्ञान);
  डॉ. यूसुफ मोहम्मद शेख (परमाणु ऊर्जा);
  डॉ. के थंगराज (जैविक विज्ञान);
  प्रो. प्रदीप थलप्पिल (रसायन विज्ञान);
  प्रो. अनिरुद्ध भालचंद्र पंडित (इंजीनियरिंग विज्ञान);
  डॉ. एस वेंकट मोहन (पर्यावरण विज्ञान);
  प्रो. महान एमजे (गणित और कम्प्यूटर विज्ञान);
  जयन एन (अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी)
- **विज्ञान युवा**–डॉ. जगदीस गुप्ता कपुगंती (कृषि विज्ञान); डॉ. सतेन्द्र कुमार मंगरौठिया (कृषि विज्ञान); देबार्का सेनगुप्ता (जैविक विज्ञान); डॉ. दीपा आगशे (जैविक विज्ञान); डॉ. दिब्येंदु दास (रसायन विज्ञान); डॉ. वलीउर रहमान।

**Newspaper of 28 October, 2025**

## इंस्पेक्टर भावना चौधरी BSF एयर विंग की पहली महिला फ्लाइट इंजीनियर बनीं–

इंस्पेक्टर भावना चौधरी को बीएसएफ एयर विंग की पहली महिला फ्लाइट इंजीनियर बनने का गौरव प्राप्त हुआ है। हाल ही में सीमा सुरक्षा बल (BSF) ने अपने 50 वर्ष से अधिक पुराने एयर विंग के इतिहास में पहली बार किसी महिला को फ्लाइट इंजीनियर के रूप में नियुक्त किया है।

उन्होंने बीएसएफ के Mi-17 हेलीकॉप्टर फ्लीट के लिए शुरू किए गए पहले इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा किया।

## आरबीआई का पड़ोसी देशों को रुपया-आधारित ऋण सुविधा प्रदान करने का निर्णय–

अक्टूबर 2025 में भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने नेपाल, भूटान और श्रीलंका जैसे पड़ोसी देशों को रुपये आधारित ऋण सुविधा देने की अनुमति प्रदान की। नीति के तहत भारतीय अधिकृत डीलर बैंक (AD) व उनकी विदेशी शाखाएँ इन देशों के नागरिकों और बैंकों को भारतीय रुपये में ऋण प्रदान कर सकती हैं। आरबीआई ने यह कदम विदेशी विनिमय प्रबंधन (उधारी एवं ऋण) विनियम, 2018 और विदेशी मुद्रा खाता प्रबंधन विनियम, 2015 में संशोधनों के तहत उठाया है। इसका उद्देश्य बाहरी व्यापार और भुगतान को सुगम

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

बनाना, क्षेत्रीय व्यापार और निपटान में डॉलर पर निर्भरता को कम करना, रुपये में तरलता प्रदान करना तथा भारत के मौद्रिक प्रभाव को मजबूत करते हुए रुपये के अन्तरराष्ट्रीयकरण को बढ़ावा देना है।

## Newspaper of 29 October, 2025

### ■ केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 8वें वेतन आयोग के गठन को दी मंजूरी : जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई होंगी अध्यक्ष–

28 अक्टूबर, 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 8वें केन्द्रीय वेतन आयोग के गठन और नियमों एव शर्तों को अंतिम मंजूरी दे दी है।

सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई को आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आयोग एक अस्थायी निकाय होगा, जिसे अपने गठन की तारीख से 18 महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट और सिफारिशें सरकार को सौंपनी होंगी। 8वें वेतन आयोग की सिफारिशें 1 जनवरी, 2026 से लागू होने की उम्मीद है।

### ■ स्वदेशी एंटी-ड्रोन ग्रिड 'सक्षम' का अनावरण–

हाल ही में भारतीय सेना ने दुश्मन के ड्रोनों को रोकने के लिए एक नई, स्वदेशी ड्रोन रोधी ग्रिड 'सक्षम' (SAKSHAM) लॉन्च की है। इसे भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL) के सहयोग से विकसित किया गया है।

**SAKSHAM का पूर्णरूप** : Situational Awareness for Kinetic Soft and Hard Kill Assets Management

यह भारतीय सेना और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL) गाजियाबाद द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है। इसका कार्य शत्रु के ड्रोनों का तुरंत पता लगाना, पीछा करना और नष्ट करना है।

यह टैक्निकल बैटलफील्ड स्पेस (TBS) में 3000 मीटर (10000 फीट) तक का हवाई क्षेत्र कवर करता है।

## Newspaper of 30 October, 2025

### ■ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अंबाला एयरबेस से राफेल में ऐतिहासिक उड़ान भरी–

29 अक्टूबर, 2025 को राष्ट्रपति श्रीमति द्रौपदी मुर्मू ने हरियाणा के अंबाला वायु सेना स्टेशन से भारतीय वायुसेना के अत्याधुनिक राफेल लड़ाकू विमान में उड़ान भरकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। राष्ट्रपति मुर्मू, राफेल लड़ाकू विमान में उड़ान विमान से उड़ान भरने वाली भारत की पहली राष्ट्रपति बन गई हैं।

इससे पहले उन्होंने 8 अप्रैल, 2023 को असम के तेजपुर वायु सेना स्टेशन से सुखोई-30 एमकेआई में उड़ान भरी थी।

## Newspaper of 31 October, 2025

### ■ मैग्नस कार्लसन ने क्लच शतरंज चैपियंस शोडाउन जीता– विश्व चैंपियन गुकेश चौथे स्थान पर–

30 अक्टूबर, 2025 को नॉर्वे के शतरंज स्टार मैग्नस कार्लसन ने सेंट लुइस, यूएसए में आयोजित क्लच शतरंज चैपियंस शौडाउन का खिताब जीत लिया है। इस तीन दिवसीय रैपिड शतरंज प्रदर्शनी प्रतियोगिता में फेबियाना कारूआना 16.5 अंकों के साथ दूसरे, हिकारू नाकामुरा 14 अंकों के साथ तीसरे तथा डी. गुकेश 10 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहे।

□□□

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## नोबेल पुरस्कार-2025

- **6-14 अक्टूबर, 2025 के दौरान वर्ष 2025 के नोबेल पुरस्कारों की घोषणा की गई। यह पुरस्कार-शांति, साहित्य, शरीर क्रिया विज्ञान/चिकित्सा, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान और अर्थशास्त्र के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए प्रतिवर्ष दिए जाते हैं।**

अर्थशास्त्र के क्षेत्र का पुरस्कार मूलत: नोबेल पुरस्कारों में शामिल नहीं था। इसकी स्थापना स्वीडन के केन्द्रीय बैंक द्वारा बाद में वर्ष 1968 में की गई थी।

नोबेल तुल्य इस पुरस्कार को एल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में अर्थशास्त्र के क्षेत्र में स्वेरिग्स रिक्सबैंक पुरस्कार नाम से जाना जाता है।

नोबेल शांति पुरस्कार के अलावा अन्य सभी पुरस्कारों की घोषणा पूर्व वर्षों की भाँति स्टॉकहोम में की गई, जबकि नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा ओस्लो (नॉर्वे) में की गई।

### शरीर क्रिया विज्ञान या चिकित्सा विज्ञान का नोबेल पुरस्कार

इस नोबेल पुरस्कार की घोषणा–6 अक्टूबर, 2025 को स्टॉकहोम स्थित कारोलिंस्का इंस्टीट्यूट की नोबेल सभा द्वारा की गई।

**चिकित्सा विज्ञान का नोबेल पुरस्कार निम्न को मिला–**

- **मैरी ई. ब्रंकों**–इंस्टीट्यूट फॉर सिस्टम्स बायोलॉजी, सिएटल, यूएसए।
- फ्रेड राम्सडेल–सोनोमा बायोथेराप्यूटिक्स, सैन फ्रांसिस्को, यूएसए।
- शिमोन साकागुची : ओसाका यूनिवर्सिटी, जापान।

इन्हें 'परिधीय प्रतिरक्षा सहिष्णुता' से संबंधित उनकी खोजों के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**'सुरक्षा गार्ड' कोशिकाएँ**–इन वैज्ञानिकों ने नियामक टी कोशिकाओं की पहचान की, जो प्रतिरक्षा प्रणाली के 'सुरक्षा गार्ड' के रूप में कार्य करती हैं और प्रतिरक्षा कोशिकाओं को हमारे अपने शरीर पर हमला करने से रोकती हैं।

पुरस्कार राशि के तहत 11 मिलियन स्वीडीश क्रोन सभी विजेताओं के बीच समान रूप से बाँटी गई।

**वर्ष 2024 में चिकित्सा में नोबेल पुरस्कार**–अमेरिकी वैज्ञानिकों विक्टर एम्ब्रोस (Victor Ambross) और गैरी रुबकुन को संयुक्त रूप से मिला था।

### भौतिक विज्ञान का नोबेल पुरस्कार

इस नोबेल पुरस्कार की घोषणा–7 अक्टूबर, 2025 को स्टॉकहोम स्थित द रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज द्वारा की गई।

**भौतिक विज्ञान का नोबेल पुरस्कार निम्न को मिला–**

- **जॉन क्लार्क**–यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफौर्निया, बर्कले, यूएसए।
- **मिशेल एच. देवरोट**–येल यूनिवर्सिटी, न्यू हेवल, सीटी और यूनिवर्सिटी ऑफ कैल्फिोर्निया, सांता बारबरा, यूएसए।
- **जॉन एम. मार्टिनिस**–यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, सांता बारबरा और क्यूओलैब, लॉस एंजिल्स, सीए, यूएसए।

तीनों वैज्ञानिकों को यह पुरस्कार एक इलेक्ट्रिक सर्किट में मैक्रोस्कोपिक क्वांटम मैकेनिकल टनलिंग और ऊर्जा के प्रमात्रीकरण की खोज के लिए दिया गया है।

पुरस्कार राशि के तहत 11 मिलियन स्वीडिश क्रोन (सभी विजेताओं के बीच समान रूप से बाँटी गई)।

**वर्ष 2024 में भौतिक विज्ञान में नोबेल पुरस्कार विजेता–** जॉन जे. होपफील्ड, यूएसए और जॉफरी ई. हिन्टन, कनाडा को संयुक्त रूप से मिला था।

### रसायन विज्ञान का नोबेल पुरस्कार

इस नोबेल पुरस्कार की घोषणा–8 अक्टूबर, 2025 को स्टॉकहोम स्थित द रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज द्वारा की गई।

**रसायन विज्ञान का नोबेल पुरस्कार निम्न को मिला–**

- **सुसुम कितागावा**–क्योटो यूनिवर्सिटी, जापान।
- **रिचर्ड रॉबसन**–यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया।
- **ओमार एम. यागी**–यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, बर्कले, यूएसए।

यह पुरस्कार 'मेटल-ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क' के विकास के लिए तीन वैज्ञानिकों को समान रूप से साझा किया गया है।

पुरस्कार राशि के तहत 11 मिलियन स्वीडिश क्रोन (सभी विजेताओं के बीच समान रूप से बाँटी गई)।

**वर्ष 2024 में रसायन में नोबेल पुरस्कार विजेता**–डेविड बेकर, यूएसए तथा डेमिस हेसबिस, यूके और जॉन एम. जंपर, यूके को संयुक्त रूप से।

### साहित्य का नोबेल पुरस्कार

**पुरस्कार की घोषणा**–9 अक्टूबर, 2025 को स्वीडिश एकेडमी द्वारा की गई।

**साहित्य के नोबेल पुरस्कार विजेता निम्न रहे–**

**लास्ज़लो क्रास्नाहोर्काई**–हंगेरियन लेखक।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

उन्हें यह पुरस्कार 'उनके बाध्यकारी और दूरदर्शी कार्यों' के लिए दिया गया है, जो सर्वनाशकारी आतंक के बीच कला की शक्ति को पुनः स्थापित करते हैं।

वर्ष 2024 में साहित्य के क्षेत्र का नोबेल पुरस्कार विजेता–दक्षिण कोरियाई कवयित्री और उपन्यासकार हान कांग।

### नोबेल शांति पुरस्कार-2025

पुरस्कार घोषणा–10 अक्टूबर, 2025 को नॉर्विजियन नोबेल कमिटी द्वारा की गई।

**शांति के नोबेल पुरस्कार विजेता–**मारिया कोरिना माचाडो, वेनेजुएला।

उन्हें वेनेजुएला के लोगों के लिए लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए उनके अथक कार्य और तानाशाही से लोकतंत्र की ओर न्यायपूर्ण और शांतिपूर्ण संक्रमण प्राप्त करने के लिए उनके संघर्ष के लिए सम्मानित किया गया है।

**वर्ष 2024 में शांति का नोबेल पुरस्कार विजेता–**जापानी संगठन निहोन हिदानक्यो को।

### अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार 2025

अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार की घोषणा 13 अक्टूबर, 2025 को स्टॉकहोम में 'द रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज' द्वारा की गई।

**अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार के विजेता–**

- **जोएल मोकीर–**नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी, एवान्सटन, आईएल, यूएसए और ईटन बर्गलास स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, तेल अवीव यूनिवर्सिटी, इजराइल।
- **फिलिप एगियन–**कोलेज डी फ्रांस और आईएनएसईएडी, पेरिस (फ्रांस) तथा लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस, यूके।
- **पीटर हॉविट–**ब्राउन यूनिवर्सिटी, प्रोविडेंस, आरआई, यूएसए।

यह पुरस्कार 'नवाचार-संचालित आर्थिक विकास' (Innovation-driven econiomic growth) की व्याख्या करने के लिए तीनों वैज्ञानिकों को दिया गया है।

पुरस्कार राशि के तहत 11 मिलियन स्वीडिश क्रोन (जोएल मोकीर को आधा और फिलिप एगियन तथा पीटर हॉविट को संयुक्त रूप से आधा)।

**वर्ष 2024 में अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार विजेता–**अमेरिकी अर्थशास्त्री डेरॉन ऐसमोग्लू, साइमन जॉनसन और जेम्स ए. रॉबिन्सन।

□□□

संजीव प्रकाशन

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com


# संजीव®

**50 वर्षों** से आपका विश्वसनीय

## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी

## मनोहर सिंह कोटड़ा के मार्गदर्शन में तैयार श्रेष्ठ पुस्तकें

( 41 जिलों एवं 7 संभागों पर आधारित नवीनतम संस्करण )




## संजीव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित प्रमुख पुस्तकें




संजीव प्रकाशन

Join Our App

संजीव Telegram चैनल, App एवं Website से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री निःशुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।

संजीव प्रकाशन

Join Our Telegram

प्रकाशक-संजीव प्रकाशन, जयपुर

Visit us at : www.sanjivprakashan.com